"बिज़नेस पोस्ट के अन्तर्गत डाक शुल्क के नगद भुगतान (बिना डाक टिकट) के प्रेषण हेतु अनुमत. क्रमांक जी. 2-22-छत्तीसगढ़ गजट/38 सि. से. भिलाई, दिनांक 30-5-2001."

पंजीयन क्रमांक "छत्तीसगढ़/दुर्ग/सी. ओ./रायपुर/17/2002."

छत्तीसगढ़ राजपत्र

(असाधारण)

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 136] रायपुर, गुरुवार, दिनांक 30 जून 2005 — आषाढ़ 9, शक 1927

कृषि (पशुपालन) विभाग
मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 24 जून 2005

अधिसूचना

क्रमांक 1098/35/98/गौसेआ/नि./2005.— छत्तीसगढ़ गौ-सेवा आयोग अधिनियम, 2004 (क्रमांक 23 सन् 2004) की धारा 23 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार एतद्द्वारा निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात्-

नियम

1. **संक्षिप्त नाम तथा प्रारंभ -**

(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम छत्तीसगढ़ गौ-सेवा आयोग नियम 2005 है.

(2) यह राज्यपत्र में इसके प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त होगा.

2. **परिभाषाएं-**

इन नियमों में, जब तक संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,

(क) "अधिनियम" से अभिप्रेत है छत्तीसगढ़ गौ-सेवा आयोग अधिनियम 2004, (क्रमांक 23 सन् 2004);

(ख) "भत्ते" से अभिप्रेत है यात्रा भत्ता तथा दैनिक भत्ता ;

(ग) "सचिव" से अभिप्रेत है पदेन सचिव, अपर संचालक/संयुक्त संचालक संचालनालय, पशु चिकित्सा सेवाएं, छत्तीसगढ़ ;

(घ) "फीस" से अभिप्रेत है अधिनियम की धारा 11 की उपधारा (2) के अधीन संस्था के रजिस्ट्रीकरण हेतु रजिस्ट्रीकरण फीस या इन नियमों के नियम 05 के अधीन वसूल की गई फीस ;

(ङ.) "प्ररूप" से अभिप्रेत है इन नियमों से संलग्न प्ररूप ;

(च.) "रजिस्ट्रार " से अभिप्रेत है धारा 10 के अधीन नियुक्त कोई अधिकारी जिसे रजिस्ट्रार के कृत्यों का पालन करने के लिए समनुदेशित किया जाए ;

(छ) "न्यासी" से अभिप्रेत है ऐसा व्यक्ति या व्यक्तियों का निकाय जो किसी भी नाम और पदाविधान से जाना जाता हो, और जिसमें संस्था प्रशासन निहित हो, और उनमें ऐसा कोई भी व्यक्ति सम्मिलित है जो इस प्रकार प्राधिकृत और दायी हो मानो कि वह न्यासी था.

(ज) "क्रियान्वयन समिति" से अभिप्रेत है छत्तीसगढ़ गौ-सेवा आयोग क्रियान्वयन समिति.

3. **भत्ते** : आयोग के अशासकीय सदस्यों, को आयोग के सम्मिलन में उपस्थित रहने के लिए यात्रा तथा दैनिक भत्ते संदत्त किए जाएंगे जो राज्य सरकार के ग्रेड-ए के अधिकारियों को लागू होते हों, परंतु सदस्यों को रेल द्वारा वातानुकूलित प्रथम श्रेणी या हवाई जहाज द्वारा किसी यात्रा का किराया संदत्त नहीं किया जाएगा.

4. **कर्मचारियों की सेवा के निबंधन और शर्तें** : राज्य सरकार द्वारा आदेश क्रमांक 1288/35/873/ गौ-सेवा/2004-05/रायपुर दिनांक 15-07-04/28-07-04 द्वारा छत्तीसगढ़ गौ-सेवा आयोग हेतु सृजित स्वीकृति सेटअप/पद के अनुसार सृजित एवं स्वीकृत सेटअप/पद निम्नानुसार है :-

(1)	(क)	उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं	-	एक
	(ख)	पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ	-	दो
	(ग)	सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी	-	दो
	(घ)	सहायक ग्रेड-दो	-	एक
	(ङ.)	स्टेनोग्राफर/टायपिस्ट	-	एक
	(च)	लेखापाल	-	एक
	(छ)	वाहन चालक	-	दो
	(ज)	भृत्य/चौकीदार	-	दो

(2) उपनियम (1) के अधीन, इस प्रकार नियुक्त किया गया उप संचालक, पशु चिकित्सा सेवाएं, आयोग के रजिस्ट्रार के रूप में भी कार्य करेगा तथा ऐसे कृत्यों का निर्वहन करेगा जो आयोग उसे इस अधिनियम के अधीन समनुदेशित करें.

(3) रजिस्ट्रार आयोग कार्यालय का प्रशासनिक प्रमुख होगा और आयोग के समस्त कारोबार के संचालन के लिए उत्तरदायी होगा.

(4) अन्य समस्त, कर्मचारी रजिस्ट्रार के नियंत्रण तथा मार्गदर्शन में कार्य करेंगे.

(5) समस्त अधिकारी तथा कर्मचारी राज्य सरकार के (पशुपालन) विभाग (पशु चिकित्सा सेवाएं) के सेवक होंगे तथा उनकी सेवा-शर्त इस प्रकार शासित होगी जो उनके पैतृक विभाग में तत्स्थानी पद धारण करने वाले व्यक्तियों को लागू हो और वे ऐसा वेतन, अन्य भत्ते तथा सुविधाएं प्राप्त करेंगे जो राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर उनके कर्मचारियों के लिए अवधारित की जाए.

(6) नियम 4 के उपनियम 1 के अधीन इस प्रकार नियुक्त प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मचारी पशुपालन विभाग को आवंटित बजट से अपने वेतन तथा अन्य भत्ते प्राप्त करगें तथा ऐसे नियुक्त कर्मचारी- प्रतिनियुक्ति पर रहेंगे तथा - मांग संख्या 14-2403 पशुपालन (आयोजनेत्तर) 5535 छत्तीसगढ़ गौ सेवा आयोग - 14 - सहायता अनुदान से वेतन प्राप्त करेंगे. प्रतिनियुक्ति भत्ता समय-समय पर वित्त विभाग द्वारा जारी सन्नियमों के अनुसार दिए जायेंगे.

5. **संस्था का रजिस्ट्रीकरण :**

(1) प्रत्येक संस्था, जो समाज में पशु कल्याण के कार्यो से संबद्ध हो वे छत्तीसगढ़ गौ-सेवा आयोग रायपुर से रु. 50.00 रुपए (पचास रुपए) अथवा राष्ट्रीयकृत बैंक से रेखांकित मांग देय ड्राफ्ट जो रजिस्ट्रार छत्तीसगढ़ गौ-सेवा आयोग रायपुर के नाम से देय होगा, भुगतान कर पंजीयन हेतु आवेदन पत्र प्राप्त कर सकेंगे.

(2) प्रत्येक संस्था, अधिनियम की धारा 11 के अधीन रजिस्ट्रार छत्तीसगढ़ गौ-सेवा आयोग के पक्ष में किसी राष्ट्रीयकृत बैंक पर लिखे रेखांकित मांग देय ड्राफ्ट (डिमांड ड्राफ्ट) के रूप में पांच सौ रुपए मात्र की पंजीयन शुल्क के साथ जो वापसी योग्य नहीं होगा, प्ररूप एक तथा दो में तीन प्रतियों में आवेदन प्रस्तुत करने पर पंजीकृत की जाएगी.

(3) प्रत्येक संस्था आवेदन के साथ प्रत्येक न्यासी या व्यक्ति या उस संस्था द्वारा विशेष रूप से प्राधिकृत अभिकर्ता द्वारा सम्यक् रूप से हस्ताक्षरित निम्नलिखित विशिष्टियां भी प्रस्तुत करेगी :-

(क) संस्था के व्यक्ति/न्यासी/कार्यकारिणी सदस्य का नाम पता और ऐसी संस्था के पद में उनके उत्तराधिकार की रीति

(ख) संपत्ति के ब्यौरे चाहे वह स्थावर या जंगम हो, और उसे अर्जन करने की रीति तथा स्रोत

(ग) संस्था के पूर्ववर्ती तीन वर्षो की सकल वार्षिक आय और उनके स्रोत तथा संस्था के खर्चे यदि संस्था इस अधिनियम के प्रारंभ होने के पूर्व या अन्यथा संस्था की स्थापना के दिनांक से कार्य कर रही है.

(4) उप नियम (3) में यथा उपबंधित विवरण के साथ, संस्था की स्थापना के विलेख या लिखत की प्रतिलिपिं या ऐसे अन्य दस्तावेज जो कि आयोग की राय में ऐसी संस्था के आरंभ, प्रकृति और उद्देश्य पर्याप्त रूप से दर्शित करते हैं संलग्न होगी या यदि कोई ऐसा विलेख या दस्तावेज निष्पादित नहीं किया गया हो, तब प्राधिकृत व्यक्ति का शपथपत्र जिसमें संस्था का आरंभ, प्रकृति तथा उद्देश्य की पूर्ण विशिष्टियां होगी, जहां तक कि वे प्राधिकृत व्यक्ति को ज्ञात हो.

(5) उपनियम (4) में यथा विनिर्दिष्ट विवरण प्रत्येक न्यासी या व्यक्ति या इस निमित संस्था द्वारा प्राधिकृत उसके अभिकर्ता द्वारा हस्ताक्षरित किया जाएगा.

(6) विवरण पर हस्ताक्षर करने वाला प्रत्येक व्यक्ति आवेदन में अभिलिखित जानकारी की अधिप्रमाणिकता कि लिए उत्तरदायी होगा और यदि जब कभी भी सत्यापन हेतु आयोग द्वारा मांगा जाए, तो मूल दस्तावेजों को उपलब्ध कराएगा.

(7) छत्तीसगढ़ गौ-सेवा आयोग में पंजीकृत संस्था, आयोग द्वारा विधिमान्य तथा विचारणीय होगी.

6. **आयोग का रजिस्टर :** आयोग का एक रजिस्टर प्ररूप तीन में होगा जो रजिस्ट्रार की सुरक्षित अभिरक्षा के अधीन संधारित और रखी जाएगी.

7. **आवेदनों की जांच :** नियम 5 के अधीन आवेदन प्राप्त करने के पश्चात् रजिस्ट्रार, आवेदन की जांच करेगा तथा संस्था के रजिस्टर में विषय वस्तु की प्रविष्टि करने के पूर्व निम्नलिखित विशिष्टियों को अभिनिश्चित करेगा.

(क) क्या संस्था छत्तीसगढ़ गौ-सेवा आयोग अधिनियम 2004, (क्र. 23 सन् 2004) के कार्य क्षेत्र के भीतर आती है ;

(ख) ऐसी संस्था से संबंधित संपत्ति के ब्यौरे ;

(ग) ऐसी संस्था के न्यासी कार्यकारिणी सदस्यों के नाम तथा पते ;

(ग) ऐसी संस्था के न्यासी कार्यकारिणी सदस्यों के नाम तथा पते ;

(घ) ऐसी संस्था में पद के उत्तराधिकार की रीति ;

(ङ.) ऐसी संस्था के आय तथा व्यय ;

(च) ऐसी संस्था के आय का स्रोत ;

(छ) संस्था में पशुओं की संख्या, जिसमें दुधारू, कमजोर, विकलांग, वृद्ध पशुओं आदि का अलग-अलग विवरण ;

(ज) ऐसी संस्था में प्राप्त या जप्त पशुओं की संख्या एवं विवरण जिनको कत्ल खाना भेजा जा रहा था, या पुलिस की कार्यवाही/न्यायिक अभिरक्षा में हो और ;

(झ) संयुक्त संचालक/ उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं की अनुशंसा जिस जिले में संस्था स्थापित हो.

8. नियम 7 के अधीन तथ्य अभिनिश्चित करते समय, रजिस्ट्रार, संस्था प्रमुख या व्यक्ति या संस्था द्वारा इस निमित विशेष रूप से प्राधिकृत अभिकर्ता को यह सूचना तामील करवाएगा कि वह मूल दस्तावेज या ऐसी अन्य जानकारी प्रस्तुत करें जो कि रजिस्ट्रार द्वारा सत्यापन के लिए उचित समझी जाए.

9. (1) नियम 8 के अधीन तथ्य अभिनिश्चित करने के पश्चात् रजिस्ट्रार, समस्त विशिष्टियों को आयोग के रजिस्टर में प्रविष्ट करेगा तथा रजिस्टर को आवेदन पत्रों के साथ आयोग के सचिव के माध्यम से, विचार अनुमोदन के लिए क्रियान्वयन समिति के समक्ष रखेगा.

(2) क्रियान्वयन समिति के अनुमोदन के पश्चात् रजिस्ट्रार प्ररुप चार में रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र जारी करेगा तथा उसे रसीदी रजिस्ट्री डाक द्वारा आवेदक को भेजेगा.

(3) क्रियान्वयन समिति द्वारा आवेदन नामंजूर किए जाने की दशा में संस्था, आवेदन नामूंजर किए जाने की तारीख से 60 दिन के भीतर राज्य सरकार को अपील कर सकेगी.

10. **निधियों का संचालन :**

(1) आयोग के निधियों का संचालन आयोग के सचिव एवं रजिस्ट्रार द्वारा संयुक्त रूप से किया जाएगा.

(2) रजिस्ट्रार, लेखा पुस्तिका, सुसंगत सब्सिडी रजिस्टर, वाउचर और अन्य संबंधित दस्तावेज उसी रीति में रखने के लिए उत्तरदायी होगा जैसे कि सरकारी कारबार के संव्यवहार में रखे जाते हैं.

(3) प्रत्येक तिमाही के दौरान प्राप्त आय और उपगत व्यय के ब्यौरे सम्मिलन में छत्तीसगढ़ गौ-सेवा आयोग क्रियान्वयन समिति के समक्ष अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किए जाएगें.

11. **व्यय की रीति :**

(1) कोई व्यय तब तक उपगत नहीं किया जाएगा जब तक की छत्तीसगढ़ गौ-सेवा आयोग क्रियान्वयन समिति द्वारा अनुमोदित न हो, छ.ग. गौ-सेवा आयोग क्रियान्वयन समिति में निम्नानुसार सदस्यों का समावेश होगा :-

(क) अध्यक्ष - अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ गौ-सेवा आयोग ;

(ख) सदस्य - छत्तीसगढ़ गौ-सेवा आयोग के समस्त सदस्य ;

(ग) सदस्य - सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, कृषि (पशुपालन) विभाग ;

(घ) सदस्य - पदेन सचिव, अपर संचालक/संयुक्त संचालक, संचालनालय पशु चिकित्सा सेवाएं, रायपुर ;

(ड.) सदस्य - रजिस्ट्रार/उप संचालक, छत्तीसगढ़ गौ-सेवा आयोग.

(2) छत्तीसगढ़ गौ-सेवा आयोग क्रियान्वयन समिति द्वारा मंजूरी के पश्चात् ही संस्थाओं को सब्सिडी/अनुदान दिया जाएगा.

(3) क्रियान्वयन समिति की स्वीकृति उपरांत रजिस्ट्रार, अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ गौ-सेवा आयोग से अनुमति प्राप्त कर अनुदान राशि वितरण करेगा.

(4) क्रियान्वयन समिति को व्यय स्वीकृत करने की सीमा अधिकतम 9.00 लाख (नौ लाख रुपए) होगी.

(5) अनुदान राशि संस्थाओं को 2-3 किश्तों में दिया जाएगा. जिसका निर्णय समिति द्वारा परिस्थितियों एवं विवेकानुसार किया जाएगा.

(6) आयोग/क्रियान्वयन समिति प्रत्येक बैठक में उपस्थित प्रति सदस्य (शासकीय/अशासकीय) रुपए 200/- तक व्यय करने अनुज्ञात होगा.

(7) आयोग कार्यालय के कल्याण व्यय प्रतिमाह रुपए 2000/- (दो हजार रुपए) तक किया जा सकेगा.

(8) आयोग कार्यालय में आकस्मिक एवं विविध खर्च के लिए रुपए 25000/- (रुपए पच्चीस हजार) तक स्थायी अग्रिम रखने एवं उसके व्यय का पूर्ण अधिकार रजिस्ट्रार का होगा.

(9) रुपए 9.00 लाख से अधिक किसी व्यय/स्वीकृति पर छत्तीसगढ़ सरकार की अनुमति आवश्यक होगी.

(10) अनुदान की पात्रता हेतु, संस्थाओं के लिए निम्नलिखित शर्तें आवश्यक होगी :-

(क) छत्तीसगढ़ गौ-सेवा आयोग में पंजीयन.

(ख) संस्था में कम से कम 100 पशुओं की संख्या, जिसमें अलाभप्रद, अनुपयोगी, निशक्त एवं वृद्ध पशु भी सम्मिलित होगें.

(ग) संस्था को जप्त कृषिक पशु को अभिरक्षा में लेने तथा उनका भरण पोषण एवं रख रखाव की जिम्मेदारी हेतु सहमति देना होगा.

(घ) संस्था को आयोग द्वारा अनुदान दिलाने हेतु आयोग के क्षेत्रीय सदस्य की अनुशंसा आवश्यक होगी.

(ड.) आयोग को संस्था प्रदत्त अनुदान के कार्यों के निरीक्षण, समीक्षा का अधिकार होगा. संस्था द्वारा कार्य पूर्ण होने पर उपयोगिता प्रमाण पत्र आयोग को उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा. संस्था को समय-समय पर आयोग द्वारा दिए जाने वाले आदेश/निर्देश का पालन करना अनिवार्य होगा.

(च) संस्था को आयोग से प्राप्त राशि को संस्था के सूचना पटल पर प्रदर्शित करना होगा.

(छ) पंजीकृत संस्थाओं को विश्व पशु चिकित्सा दिवस मनाना होगा.

(11) आयोग की क्रियान्वयन समिति, संस्थाओं के निम्न गतिविधियों के लिए अनुदान स्वीकृत कर सकेगी.

(एक) संस्था के कमजोर अशक्त, वृद्ध पशुओं के पालन-पोषण हेतु, संलग्न प्रपत्र-6 अनुसार रुपए 300.00/इकाई/माह, राशि (अनुदान की अधिकतम सीमा रुपए सात लाख/प्रतिवर्ष) अनुदान स्वीकृत की जावेगी.

(दो) नस्ल सुधार कार्यक्रम हेतु प्रजनन योग उन्नत नस्ल के साड़ प्रदाय हेतु अधिकतम रुपए पंद्रह हजार प्रतिवर्ष होगी.

(तीन) संस्था के समस्त पशुओं को संक्रामक बीमारी से रोकथाम एवं चिकित्सा हेतु टीकाकरण एवं औषधि के लिए अनुदान. (अधिकतम 25000.00 रुपए).

(चार) पशुओं के पेयजल तथा हरा चारा उत्पादन हेतु सिंचाई व्यवस्था जिसमें नलकूप खनन, कुंआ निर्माण, विद्युतीकरण एवं पाइप आदि सम्मिलित घटक होंगे. (अधिकतम पचास हजार रुपए प्रतिवर्ष) दी जाएगी.

(पांच) शेड निर्माण एवं मरम्मत कार्य हेतु सब्सिडी/अनुदान (अधिकतम एक लाख रुपए).

(छः) गोबर, गौमूत्र उपयोगिता/महत्व प्रशिक्षण शिविर हेतु (अधिकतम रु. दस हजार/प्रतिवर्ष)

(सात) संस्था में उपलब्ध गोबर, गोमूत्र, अनुपयुक्त चारा के बेहतर उपयोग जैविक खाद ऊर्जा प्रदाय हेतु किया जाएगा. इस हेतु बायो गैस संयंत्र, नाडेप टैंक, वर्मी कंपोस्ड टैंक आदि स्थापित करने हेतु अनुदान दिया जाएगा. यह संस्था के आय में वृद्धि के साथ ही किसानों के निर्देशन में सहायक होगी. (अधिकतम रुपए एक लाख/प्रतिवर्ष)

(आठ) जप्त पशुओं के पालन-पोषण हेतु प्रति यूनिट रुपए 10.00/प्रतिदिन व्यवस्था की जाएगी. (प्रपत्र-6)

(नौ) प्राकृतिक आपदाओं में पशुओं के बचाव हेतु अनुदान, प्रति ईकाई रुपए 10.00 प्रतिदिन अधिकतम पचास हजार रुपए निर्धारित की जाएगी जैसा की प्रपत्र- 6 में विहित है.

(आपदाग्रस्त क्षेत्र में यदि पंजीकृत संस्था न होने पर समीप की पंजीकृत संस्था/शासकीय संस्था द्वारा बचाव कार्य किए जाने पर सब्सिडी दिया जा सकेगा.)

(दस) पशु कल्याण हेतु प्रचार-प्रसार एवं कृषक शिविर ग्राम स्तर पर प्रति शिविर रुपए 3000.00 तीन हजार (अधिकतम राशि पंद्रह हजार रुपए प्रति संस्था/प्रतिवर्ष).

(ग्यारह) संस्थाओं को वार्षिक कृषक सम्मेलन आयोजित करने एक बार में अधिकतम सात हजार (7000.00 रुपए).

(बारह) संस्था की भूमि पर चारा विकास हेतु (अधिकतम रुपए पच्चीस हजार/प्रतिवर्ष)

(तेरह) ग्रामीण विकास से संबंधित राज्य शासन की योजनाओं भूमि के सुधार, चारा विकास, पर्यावरण, भूमि संरक्षण आदि हेतु.

(चौदह) आयोग में उपलब्ध सब्सिडी/अनुदान राशि के आधार पर तथा संस्थाओं द्वारा प्रस्तावित गतिविधियों के लिए प्राथमिकता के आधार पर स्वीकृत किया जा सकेगा. सब्सिडी/अनुदान स्वीकृति में छत्तीसगढ़ गौ-सेवा आयोग क्रियान्वयन समिति का निर्णय सर्वमान्य होगा.

12. **संस्थाओं द्वारा लेखा संधारण :**

(1) अधिनियम के अधीन रजिस्ट्रीकृत प्रत्येक संस्था, 31 मार्च को समाप्त होने वाले प्रत्येक वित्तीय वर्ष का लेखा प्रस्तुत करेगी तथा चार्टर्ड एकाउटेंट द्वारा सम्यक् रूप से सपरीक्षित तुलना पत्र प्रस्तुत करेगी.

(2) लेखा और भंडार बहीखाता के सामान्य सिंद्धात पर जंगम और स्थावर संपत्तियों की लेखा पुस्तक, व्यय के पुरजे (व्हाउचर्स) पत्र व्यवहार और कागजात संधारित करना संस्था का कर्तव्य होगा.

(3) चार्टर्ड एकाउंटेट अपने संपरीक्षा प्रतिवेदन में अनियमितताओं अविधिपूर्ण और अप्राधिकृत व्यय या दुर्विनियोग धोखाधड़ी के समस्त मामलों को विनिर्दिष्ट करेगा और संस्था को दी गई अनुदान या सहायता और जिस उद्देश्य के लिए यह दिया गया है उसको प्राप्त करने में इसके उपयोग के बारे में अपनी राय देगा.

(4) लेखा, आय- व्यय विवरण पत्र संपरीक्षा प्रतिवेदन प्राप्त होने पर आयोग का रजिस्ट्रार उसकी जांच करेगा और उसे अपने अभिमत सहित छत्तीसगढ़ गौ-सेवा क्रियान्वयन समिति के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत करेगा.

(5) यदि छत्तीसगढ़ गौ-सेवा क्रियान्वयन समिति को सामाधान हो जाए कि किसी संस्था द्वारा संपत्ति चाहे वह स्थावर हो या जंगम की बावत कोई धोखाधड़ी या दुर्विनियोग किया गया है तो संस्थाओं को दिए जाने वाले अनुदान तत्काल प्रभाव से रोक सकेगा एवं पंजीयन निरस्त कर प्रकरण को राज्य सरकार को अग्रिम वैधानिक कार्यवाही हेतु प्रस्तुत करेगा. परंतु आयोग द्वारा कोई कार्यवाही तब तक नहीं की जाएगी जब तक कि संबंधित संस्था को सुनवायी का युक्तियुक्त अवसर न दे दिया जाए.

13. **शिकायत फाइल करने की रीति :**

(1) पशु कल्याण में अभिरुचि रखने वाले कोई व्यक्ति यदि उसके पास यह विश्वास करने का कारण हो कि -

(क) संस्था में रखे गए पशुओं की देखरेख एवं संधारण में कुप्रबंध ;

(ख) निधि का दुर्विनियोग या धोखाधड़ी ;

(ग) इस अधिनियम उपबंधों के या इन नियमों के उल्लंघन में संस्था की किसी न्यासी द्वारा कोई अविधिपूर्ण कार्य किया जा रहा है तो वह या तो स्वयं या रजिस्ट्रीकृत डाक द्वारा अनुसूचित बैंक के पचास रुपए के धनादेश (डिमांड ड्राफ्ट) सहित रजिस्ट्रार को सम्यक् रूप से संबोधित शिकायत आयोग को कर सकेगा.

(2) शिकायतकर्ता अपनी शिकायत के संबंध में कोई सम्यक् दस्तावेजी साक्ष्य या शपथ पत्र प्रस्तुत करेगा.

(3) शिकायत पत्र प्राप्त होने पर रजिस्ट्रार उसमें प्राप्ति की तारीख डालेगा और उसे शिकायत रजिस्टर में पंजीयन कराएगा. यह शिकायत प्राप्त होने के तारीख से तीन दिन के भीतर शिकायतकर्ता को शिकायत की अभिस्वीकृति भी भेजेगा. रजिस्ट्रार शिकायत का परीक्षण कर सचिव के माध्यम से छत्तीसगढ़ गौ-सेवा क्रियान्वयन समिति के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत करेगा.

(4) शिकायत के विचारण पर यदि छत्तीसगढ़ गौ-सेवा क्रियान्वयन समिति प्रथम दृष्टया इस निर्णय पर पहुंचता है कि शिकायत में सारवान सत्यता विद्यमान है तो वह ऐसे अधिकारी द्वारा जांच का आदेश देगी जिसे वह उचित समझे.

(5) मामले में जांच के लिए प्राधिकृत अधिकारी -

(क) शिकायत के सार तत्व पर आधारित निश्चित और स्पष्ट रूप से आरोप निर्धारित करेगा.

(ख) शिकायत के सार पर आधारित समस्त सुसंगत तथ्यों का विवरण देगा.

(ग) दस्तावेजों की सूची जिनके द्वारा और उन साक्षियों की सूची जिनके द्वारा निर्धारित किए गए आरोपों की मदें प्रमाणित करना प्रस्तावित है, तैयार करेगा.

14. **जांच की रीति :**

(1) जांच अधिकारी नियम 13 के उप नियम (5) के अधीन विचारित निर्धारित आरोपों सहित सुनवाई हेतु सुनिश्चित स्थान, तारीख और समय, निर्धारित किए गए आरोपों से बचाव हेतु प्रस्तुत किए जाने वाले कथन प्रस्तुत करने हेतु निर्धारित तारीख आदि को सम्मिलित करने हेतु संस्था के प्रमुख/न्यासी जिसके विरुद्ध शिकायत की गई है को रसीदी रजिस्ट्रीकृत डाक द्वारा प्ररुप पांच में एक सूचना पत्र भेजेगा.

(2) शिकायत के विरुद्ध बचाव कथन प्राप्त होने पर जांच अधिकारी, प्राकृतिक न्याय सिद्धांत के अनुसार आगे जांच कार्यवाही करेगा.

(3) जांच अधिकारी निम्न प्रक्रिया का अनुसरण करेगा.

(क) दोनों पक्षों की मौखिक बहस अभिलिखित की जाएगी.

(ख) दोनों पक्षों के गवाहों का परीक्षण करना और उनके साक्ष्यों को अभिलिखित करना.

(ग) दोनों पक्षों के गवाहों के प्रतिपरीक्षण का अवसर दिया जाएगा.

(घ) जांच अधिकारी दैनिक कार्यवाही का विवरण आदेश-पत्र में अंकित करेगा.

(ड.) यदि किसी भी पक्ष द्वारा किसी दस्तावेज या कार्यवाही के अभिलेख की प्रति मांगी जाए तो वह उसे लिखित अध्यपेक्षा और दो रुपए प्रति पृष्ठ के भुगतान पर उपलब्ध करायी जाएगी.

(4) जांच अधिकारी द्वारा नियत की गई तारीख और समय पर दोनों पक्ष, दस्तावेज व मौखिक सबूत जिनके द्वारा निर्धारित आरोप सिद्ध प्रस्तावित हो, प्रस्तुत करेंगे. गवाहों का परीक्षण एवं प्रति परीक्षण किया जावेगा. जांच अधिकारी प्रकरण के संबंध में दोनों पक्षों और साक्षियों से ऐसे प्रश्न कर सकता है जो मामले के तथ्यों को सुनिश्चित करने के लिए अपेक्षित हो.

(5) जांच अधिकारी दोनों पक्षों को ऐसे दस्तावेजों का अवलोकन करने हेतु युक्तियुक्त अवसर देगा, जो अभिलेखित किए गए जांच अधिकारी संबंधित पक्ष को अतिरिक्त साक्ष्यों को प्रस्तुत करने की अनुमति देगा, यदि जांच अधिकारी की यह राय हो कि न्याय के हित में ऐसा साक्ष्य प्रस्तुत करना आवश्यक है.

(6) जब जांच समाप्त हो जाए तो जांच अधिकारी अपना प्रतिवेदन तैयार कर छत्तीसगढ़ गौ-सेवा आयोग क्रियान्वयन समिति के विचारार्थ और आदेश हेतु प्रस्तुत करेगा.

15. नियम 14 के उपनियम (6) के अधीन प्रतिवेदन प्राप्त होने पर आयोग ऐसा आदेश पारित करेगा जैसा वह उचित समझे.

16. आयोग के आदेश से व्यथित कोई व्यक्ति आयोग के आदेश से संसूचित किए जाने की तारीख से 60 दिवस के भीतर राज्य सरकार को अपील कर सकेगा.

17. **निरसन तथा व्यावृत्ति :** मध्यप्रदेश गौ - सेवा आयोग नियम, 1995 समसंख्यक अधिसूचना क्र. एफ 23 18-पैतीस-93 दिनांक 29-9-1995 छत्तीसगढ़ राज्य में इसके विस्तार के संबंध में तथा अन्य समस्त नियम तथा संकल्प जो इस नियमों के प्रारंभ होने के तत्काल पूर्व प्रवृत थे इन नियमों के अंतर्गत आने वाले विषयों के संबंध में एतद्द्वारा निरसित किए जाते हैं.

परंतु इस प्रकार निरसित नियमों के अधीन किया गया कोई आदेश या की गयी कोई कार्यवाही इन नियमों के तत्स्थानी उपबंधों के अधीन किया गया आदेश या की गई कार्यवाई समझी जाएगी.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
बी. के. एस. रे प्रमुख सचिव.

प्ररुप - एक

(नियम 5 देखिए)

कार्यालय...(यहां संस्था का नाम लिखे)

प्रति,

रजिस्ट्रार
छत्तीसगढ़ गौ-सेवा आयोग
रायपुर

विषय- छत्तीसगढ़ गौ-सेवा आयोग अधिनियम 2004 के अधीन संस्था के रजिस्ट्रीकरण हेतु आवेदन.

यतः पूर्वोक्त अधिनियम में पशु कल्याण संस्था के रजिस्ट्रीकरण उपबंध है. अतः संस्था उक्त अधिनियम की 10 के अधीन रजिस्ट्रीकरण करवाना चाहती है. अतः छत्तीसगढ़ गौ-सेवा आयोग अधिनियम 2004 के नियम 5 के अपेक्षित विशिष्टियों सहित, तीन प्रतियों में यह आवेदन प्रस्तुत है.

.... बैंक का रुपये..का एक रेखाकिंत बैंक ड्राफ्ट क्रमांक................................ दिनांक.............................. रजिस्ट्रीकरण फीस के रूप में संलग्न है.

पूरा पता :-

....
....

संस्था प्रमुख या उसका प्राधिकृत व्यक्ति
संस्था की मुहर

सूची

अनुक्रमांक	अभिलेखों का विवरण
1.	
2.	
3.	

हस्ताक्षर, संस्था प्रमुख

पावती

रजिस्ट्रीकरण हेतु आवेदन पत्र मय रुपये पांच सौ के डिमाण्ड ड्राफ्ट क्रमांक ....दिनांक.......................... सुसंगत दस्तावेजों की प्रतियों सहित प्राप्त किया.

रायपुर :
दिनांक :

छ.ग. गौसेवा आयोग, छ.ग. रायपुर के
आवक लिपिक के हस्ताक्षर

नियम - 5 - 3 (क)
समितियों के पंजीयन हेतु ज्ञापनपत्र

1. संस्था का नाम : --

2. संस्था का कार्यालय : --

3. जिला : तहसील ----------------------जिला -------------------------

4. समिति के उद्देश्य निम्नलिखित होगे : --

----

5. समिति के प्रबंध विनियमों द्वारा समिति के कार्यों का प्रबंध कार्यकारिणी का सौंपा गया है जिनके नाम एवं पते हस्ताक्षर सहित :-

अनु क्र.	नाम	पद	पता	हस्ताक्षर
1.	--------------------	------------------	----------------	----------------
2.	--------------------	------------------	----------------	----------------
3.	--------------------	------------------	----------------	----------------
4.	--------------------	------------------	----------------	----------------
5.	--------------------	------------------	----------------	----------------
6.	--------------------	------------------	----------------	----------------
7.	--------------------	------------------	----------------	----------------
8.	--------------------	------------------	----------------	----------------
9.	--------------------	------------------	----------------	----------------
10.	--------------------	------------------	----------------	----------------

6. समिति के इस ज्ञापन के साथ समिति के विधान/उपविधि की एक हस्ताक्षरित प्रति संलग्न है. साथ ही प्ररुप "एक", "दो", की जानकारी भी प्रस्तुत है.

संस्था प्रमुख के नाम
सील और हस्ताक्षर

प्ररुप - दो
(नियम 5 देखिए)

सरल क्रमांक — अभिलेखों की विशिष्टियां

1. संस्था का नाम.. स्थापना की तारीख.....................

2. अवस्थिति स्थान..तहसील.................................जिला.................................

3. संस्था के उद्गम और प्रकृति तथा उद्देश्य को प्रदर्शित करने वाले विलेख, लिखित या ऐसे संक्षिप्त सार की प्रतियां संलग्न करते हुए संस्था के उद्देश्य और लक्ष्य..

4. छत्तीसगढ़ गौसेवा आयोग अधिनियम 2004 के प्रारंभ होने के पूर्व किसी अन्य अधिनियम के अधीन रजिस्ट्रीकृत होने पर उसका रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र.

5. संस्था की उपविधियां, यदि कोई हो और उसकी प्रमाणिकता.

6. न्यासी सदस्यों का नाम, उनके पते सहित तथा संस्था में धारित पद तथा संस्था के संबंध में उत्तराधिकार का ढंग.

7. संस्था के कर्मचारी, यदि कोई हो :

8. पशुधन का विवरण — संख्या — नस्ल

   (एक) गाय
   (दो) बछड़ी (कलोर)
   (तीन) बैल
   (चार) बछड़े नर
   मादा
   (पांच) अन्य पशुधन (प्रकार दर्शाएं)

9. पिछले 3 वर्षो का दुग्धोत्पादन — कुल औसत प्रति पशु — विक्रय मूल्य यदि कोई हो

10. संस्था द्वारा धारित भूमि का पूर्ण विवरण (भू अभिलेख की अनुप्रमाणित प्रति) — कृषि — चराई/घास — अन्य श्रेणी की

    (क) सिंचित
    (ख) असिंचित

11. उपयोग में आने वाली जमीन का वर्गीकरण (छायाप्रति) — सड़क में — भवन में — अन्य प्रयोजन में

12. आय का स्रोत.

13. गतिविधियां (संक्षिप्त में टीप दें)

14. गत 3 वर्षो का संपरीक्षित लेखा.

15. अनुदान प्राप्ति संबंधी विवरण

क्रमांक	संस्था जिससे अनुदान प्राप्त हुआ	2000-2001	2001-2002	2002-2003
1.	गौ सेवा आयोग म.प्र.			
2.	भारत पशु कल्याण बोर्ड, चेन्नई			
3.	सासंद निधि			
4.	विधायक निधि			
5.	अन्य संस्था			

16. संस्था के लेखा संबंधी विवरण :-

क्रमांक	विवरण	स्थिति
1.	संस्था का अनुमानित वार्षिक व्यय	----------------------------------
2.	खाद, गौमूत्र, औषधि, कीटनाशक, चमड़े इत्यादि से वार्षिक आय.	----------------------------------
3.	पिछले वित्तीय वर्ष की आडिट रिपोर्ट संलग्न है या नहीं.	----------------------------------
4.	संस्था संचालन हेतु अंतिम कार्यवाही का विवरण संलग्न है या नहीं.	----------------------------------
5.	संस्था का लेख पुस्तिका अनुसार कोष बैंक में है या व्यतिक्तगत रूप से संचालित है	----------------------------------
6.	संस्था का बैंक का खाता क्रमांक तथा बैंक का नाम.	---------------------------------- ----------------------------------
7.	क्या संस्था की लेखा पुस्तिका अद्यतन रखी जाती है.	----------------------------------
8.	संस्था समिति यदि निर्वाचित है तो चुनाव का वर्ष और वर्तमान अध्यक्ष/सचिव/कोषाध्यक्ष के नाम, पते दूरभाष क्रं आदि संलग्न करें.	---------------------------------- ---------------------------------- ----------------------------------
9.	संस्था द्वारा संचालित विशेष गतिविधियों का विवरण	----------------------------------

17. अन्य जानकारियां :-

संस्था प्रमुख के हस्ताक्षर

प्ररुप - तीन
(नियम 6 देखिए)
संस्था का रजिस्टर

संस्था का नाम--पता---------------------
--------------------------उद्देश्य------------------------------- स्थापना की तारीख रजिस्ट्रीकरण क्रमांक (यदि कोई हो) (जब किसी अधिनियमन/के अधीन रजिस्ट्रीकृत हो)--

रजिस्ट्रीकरण का तारीख	आवंटित रजिस्ट्रीकरण क्रमांक	न्यासियों या कर्मचारियों के नाम व पते	न्यासी या कार्यकारिणी के उत्तराधिकारी होने की रीति
1	2	3	4

संपत्ति के ब्यौरे (अचल संपत्ति)

कृषि भूमि	मूल्य	अकृषि भूमि	मूल्य	भवन पक्के निर्मित/कच्चे नि.	मूल्य
5	6	7	8	9	10

संपत्ति के ब्यौरे (चल संपत्ति)

पशुधन	मूल्य	प्रतिभूतियां	मूल्य	निवेश	नगद मूल्य	उपकरण	साधित्र	वाहन
11	12	13	14	15	16	17	18	19

कॉलम 17 से 19 तक का मूल्य	संपति का कुल मूल्य	संस्था की स्थापना तारीख से कुल आय एवं गत 3 वर्षों का आय (वर्षवार)	आय का स्त्रोत
20.	21	22	23

पिछले 3 वर्षो का व्यय (वर्षवार)	अन्य कोई विवरण
24	25

हस्ताक्षर अध्यक्ष
छ.ग. गौ-सेवा आयोग
रायपुर

हस्ताक्षर रजिस्ट्रार
छ.ग. गौ-सेवा आयोग
रायपुर

प्रपत्र - (क)

नियम - 7 (छ)

संयुक्त संचालक/उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं जिला ---------------------------------------द्वारा सत्यापन एवं पुष्टिकरण

(क) - गौशाला संबंधी विवरण

अ.क्र.	विवरण	जानकारी
1.	संस्था का नाम	--------------------------------------
2.	संस्था का डाक का पूर्ण पता	--------------------------------------
3.	जिला	--------------------------------------
4.	संस्था का स्थापना वर्ष	--------------------------------------
5.	संस्था आयोग म.प्र. में पंजीयन क्र./ दिनांक यदि हो.	--------------------------------------
6.	अन्य संस्था का नाम तथा पंजीयन क्र./दिनांक	--------------------------------------
7.	संस्था के संपर्क सूत्र का नाम पता तथा दूरभाष क्रमा.	--------------------------------------

(ख) - भूमि/भवन संबंधी विवरण

अ.क्र.	विवरण	जानकारी
1.	संस्था का कुल क्षेत्रफल	--------------------------------------
2.	कृषि योग्य भूमि (सिंचित/असिंचित)	--------------------------------------
3.	अकृषि योग्य भूमि	--------------------------------------
4.	चरनोई का रकबा	--------------------------------------
5.	भवन निर्मित (क्षेत्रफल)	--------------------------------------
6.	उपलब्ध पानी की व्यवस्था (नदी, नाला, तालाब, ट्यूबवेल आदि)	--------------------------------------
7.	उपलब्ध गोबर गैस प्लांट	--------------------------------------
8.	उपलब्ध सोलर पेनल	--------------------------------------
9.	साईलोपिट/अन्य	--------------------------------------
10.	उपलब्ध वाहनों की संख्या (बैलगाड़ी, टैक्टर, जीप, साइकिल आदि)	--------------------------------------

(ग) - पशुधन के विवरण

अ.क्र	पशुधन	कुल पशुधन
1.	दुधारू गाय	--
2.	गाभिन गाय	--
3.	बॉझ/अनुत्पादक/वृद्ध/ अपंग गाय एवं बैल.	--
4.	सांड	--
5.	बैल	--
6.	बछड़े/बछड़ी/कलोर	--
7.	3 माह तक आयु तक दूध पीने वाले वत्स.	--
8.	न्यायालय/पुलिस कस्टडी से प्राप्त गौपशुओं की संख्या तथा प्राप्ति तिथि.	--
9.	क्या प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है (8)	--

संस्था प्रभारी के
हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा

प.चि.स शल्यज्ञ
पशु चिकित्सालय
जिला -------
हस्ता. एवं पद मुद्रा

संयुक्त संचालक/उपसंचालक
जिला ----------
हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा

परफार्मा - 6

नियम - 11 (11-आठ -नौ)

(वृद्ध, अपंग, कमजोर तथा जप्त किए गए पशुओं की सब्सिडी हेतु परफार्मा)

संस्था का नाम --

तहसील -- जिला --

वित्तीय वर्ष ------ के लिए पालन - पोषण सब्सिडी राशि.

क्रमांक	पशु वर्ग का नाम	समतुल्य इकाई	संख्या	कुल वयस्क पशु इकाई
1.	गाय	1.0		
2.	क्लोरे	0.9		
3.	बछड़े/बछिया			
	(क) एक वर्ष की उम्र तक	0.4		
	(ख) दो वर्ष की उम्र तक	0.7		
4.	सांड/बैल	1.2		
5.	दूध पीने वाले वत्स	0.2		
6.	अन्य भैंस, भैंसा, जर्सी गाय	1.2		
	योग (कुल वयस्क पशु इकाई)			

हस्ताक्षर एवं सील
पशु चिकित्सा सेवाएं
पशु चिकित्सालय
जिला------

हस्ताक्षर
सदस्य
छ.ग.गौ-सेवा आयोग
रायपुर

हस्ताक्षर एवं सील
प्रबंधक
(संस्था -----------)

छत्तीसगढ़ गौ-सेवा आयोग

प्ररुप - चार

[देखे नियम 9 (2)]

पंजीयन प्रमाण पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि आयोग के रजिस्टर में अनुक्रमांक ------------------ पर छत्तीसगढ़ गौ-सेवा आयोग अधिनियम 2004 की धारा 10 के उपबंध और उसके बनाए गए नियमों के अनुसार---संस्था को निम्नलिखित शर्तों के अध्यधीन रहते हुए रजिस्ट्रीकृत किया गया है :-

1. संस्था अपने संविधान का पालन करेगी.

2. संस्था उन लक्ष्यों, जिनके लिए उसको गठित किया गया है, के लिए अपने कृत्यों का निर्वहन करेगी.

3. संस्था क्षयशील माल को छोड़कर अन्य संपत्ति या आस्तियों का निर्वतन आयोग की अनुमति के बिना नहीं करेगी.

4. संस्था के नाम से प्राप्त होने वाले समस्त आगमों में की प्रविष्टि समुचित लेखा पुस्तकों में की जाएगी और चार्टेड एकाउंटेंट से लेखा परीक्षण कराया जाएगा.

5. संस्था पिछले वित्तीय वर्ष का उसका संपरीक्षित लेखा और विस्तृत प्रतिवेदन प्रत्येक वर्ष की 31 जुलाई तक आयोग के समक्ष प्रस्तुत करेगी.

6. आयोग के नियम 11 (10) के अधीन शर्तों का पालन संस्था को करना अनिवार्य होगा.

दस्तावेज की एक प्रमाणित प्रति संस्था के अभिलेखों में सुरक्षित रखते हुए इसके साथ लौटाई जाती है.

क्रमांक ------------------------

तारीख ------------------------

सचिव
छ.ग. गौ-सेवा आयोग
रायपुर

रजिस्ट्रार
छ.ग. गौ-सेवा आयोग
रायपुर

अध्यक्ष
छ.ग. गौ-सेवा आयोग
रायपुर

प्ररुप - पांच
(देखे नियम 14)

शिकायत के निपटारे के लिए सूचना

चूंकि श्री ---------------------------------- पुत्र श्री -- निवासी---ने आप/आपकी संस्था के विरुद्ध लिखित शिकायत की है, अत: एतद्द्वारा आपको समन किया जाता है कि आप या तो स्वयं या अपके द्वारा सम्यक् रूप से प्राधिकृत अभिकर्ता जो शिकायत से संबंधित समस्त तात्विक प्रश्नों का उत्तर दे सके, इस प्रकार की गई शिकायत के विरुद्ध बचाव के लिए आवश्यक दस्तावेजों सहित तारीख----------------समय............ पर अधोहस्ताक्षर के कार्यालय में उत्तर देने के लिए उपस्थित होवें.

साथ ही यह भी ध्यान रखे कि ऊपर विनिर्दिष्ट तारीख पर उपस्थित न होने पर शिकायत की सुनवाई होगी और आपके विरुद्ध एक पक्षीय अवधारित की जायेगी.'

छत्तीसगढ़ गौ-सेवा आयोग के आदेशानुसार यह सूचना दिनांक ------------------------------ को जारी की गई है.

रजिस्ट्रार
छत्तीसगढ़ गौ-सेवा आयोग
रायपुर

Raipur, the 24th June 2005

NOTIFICATION

क्रमांक 1098/35/98/गौसेआ/नि./2005.— In exercise of the powers conferred by Section 23 of the Chhattisgarh Go-Seva Ayog Adhiniyam, 2004 (No. 23 of 2004) the state Government of Chhattisgarh hereby makes the following rules, namely :-

Rules

1. **Short title and commencement :**

(1) These rules may be called the Chhattisgarh Go-Seva Ayog Rules, 2005.

(2) It shall come into force on the date of its publication in the Official Gazette.

2. **Definitions :** In these rules, unless the context otherwise requires ;-

(a) "Act" means the Chhattisgarh Go-Seva Ayog Adhiniyam, 2004 (No. 23 of 2004) ;

(b) "Allowances" means travelling allowance and daily allowance ;

(c) "Secretary" means Officiating Secretary, Additional Director/Joint Director, Directorate of Veterinary Services, Chhattisgarh ;

(d) "Fees" means registration fee for registration of Institution under sub-section (2) of section 11of the Act or Fee realised under rule 05 of these rules ;

(e) "Form" means the forms appended to these rules ;

(f) "Registrar" means any officer appointed under Section 10 of the Act and assigned to perform the function of the Registrar ;

(g) "Trustee" means a persons or a body of persons by whatever name and designation known in whom administration of the Institution is vested and includes any person who is authorised and liable as if he were a trustee.

(h) "Working Committee" means Chhattisgarh Go-Seva Ayog Working Committee.

3. **Allowances :** There shall be paid travelling and daily allowances to non - official members of the Ayog for attending the meeting of the Ayog as are applicable to grade "A" officers of the State Government ; Provided that the members shall not be paid fare of 1st class air condition by rail or any journey by Air.

4. **Terms and Conditions of Service of Employees :** As per the Set-up/ Post created and sanctioned by the State Government for Chhattisgarh Go-Seva Ayog by the order No. 1288/35/873/ Go seva/ 2004-05/ Raipur dated 15-7-2004/ 28-7-2004. The created and sanction set-up/post are as follow :-

(1)	(a)	Deputy Director, Veterinary Service	-	One
	(b)	Veterinary Assistant Surgeon	-	Two
	(c)	Assistant Veterinary Field Officer	-	Two
	(d)	Assistant Grade - II	-	One
	(e)	Steno Typist	-	One
	(f)	Accountant	-	One
	(g)	Driver	-	Two
	(h)	Peon/ Choukidar	-	Two

(2) The Deputy Director Veterinary Service so appointed under Sub - rule (1) shall also function as the Registrar of the Ayog and shall discharge such functions and duties and the Ayog may assign to him under the Act.

(3) The Registrar shall be the administrative head of the office of the Ayog and shall be responsible for all transaction of the business of the Ayog.

(4) All other employees shall function under the control and guidance of the Registrar.

